4

गुरुशिष्य परम्परा की मिसाल है संगीतः राजेश्री




## खबर संक्षेप

### मड़वा प्लांट से 3 किमी क्षेत्र को संरक्षित क्षेत्र घोषित

**जांजगीर-चांपा।** कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी के जारी आदेशानुसार अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत गृह मड़वा (पावर प्लांट) जांजगीर-चांपा से 3 कि.मी. परिधि तक संपूर्ण क्षेत्र को एक वर्ष अवधि के लिए संरक्षित क्षेत्र घोषित किया गया है। यह आदेश 8 अप्रैल 2027 तक 1 वर्ष के लिए प्रभावशील रहेगा। उक्त संरक्षित क्षेत्र में विधि द्वारा अधिकृत व्यक्तियों एवं अटल बिहारी वाजपेयी ताप विद्युत संयंत्र द्वारा प्रवेश करने के लिए अधिकृत व्यक्तियों को छोड़कर अन्य व्यक्तियों का उक्त क्षेत्र में प्रवेश प्रतिषिद्ध रहेगा। उक्त आदेश में जिला मजिस्ट्रेट द्वारा आवश्यकता अनुसार परिवर्तन किया जा सकता है।

### हार्वेस्टर ने कार को मारी टक्कर, चालक पर मामला दर्ज

**जांजगीर-चांपा।** तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने मंगलवार 26 मई को बच्चों का रिजल्ट लेने पामगढ़ से जांजगीर आ रहे शिक्षकों की कार को टक्कर मार दी। इस घटना में कार पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। जानकारी के मुताबिक पामगढ़ से जांजगीर बच्चों का रिजल्ट लेने जा रहे शिक्षकों की कार को पीछे से आ रही तेज रफ्तार हार्वेस्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। कार में चार शिक्षक सवार थे। हादसे के बाद हार्वेस्टर चालक मौके से फरार हो गया। घटना के बाद कार मालिक शिक्षक ने पामगढ़ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस फरार चालक की तलाश करते हुए मामले की जांच कर रही है।

### शराब दुकान के चखना सेंटर में चाकूबाजी, दो युवक घायल

**अकलतरा।** नगर के महाराणा प्रताप चौक के पास स्थित देसी एवं अंग्रेजी शराब दुकान परिसर में संचालित चखना सेंटर में रविवार दोपहर विवाद के दौरान चाकूबाजी की घटना हो गई। घटना में दो युवक घायल हो गए, जिनमें एक की हालत गंभीर होने पर उसे जांजगीर रेफर किया गया है। ग्राम करूंमहू निवासी हेतराम केवट एवं धीरज खांडेकर दोपहर में शराब दुकान पहुंचे थे। दोनों ने शराब खरीदने के बाद चकना सेंटर में बैठकर शराब पी। इसी दौरान चखना देने में देरी होने पर दोनों युवकों ने सेंटर के कर्मचारी मनजीत सिंह निवासी सुपेला भिलाई से गाली-गलौज शुरू कर दी। गुस्से में आकर मनजीत सिंह ने प्याज काटने वाले चाकू से दोनों पर हमला कर दिया। हमले में हेतराम केवट के दाहिने हाथ के अंगूठे के ऊपर गंभीर चोट आई, जबकि धीरज खांडेकर के बाएं बांह में चोट लगने से वह घायल हो गया। थाना प्रभारी भास्कर शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और आरोपी मनजीत सिंह को हिरासत में ले लिया। घायलों को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद गंभीर रूप से घायल हेतराम केवट को बेहतर इलाज के लिए जांजगीर रेफर किया गया।

### घटना के बाद निजी कंपनियों से लेनी पड़ती है मदद

# गर्मी में बढ़ रही आगजनी की घटनाएं महज 3 दमकल के भरोसे सुरक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में लगातार आगजनी की घटनाएं सामने आ रही है। वहीं इससे निपटने जिला प्रशासन के पास सुरक्षा के समुचित इंतजाम नहीं है। स्थिति यह है कि महज तीन दमकलों के भरोसे आगजनी से निपटने काम चलाया जा रहा है। वहीं सुरक्षा को लेकर आज भी निजी कंपनियों से मदद लेनी पड़ती है।

गौरतलब है कि भीषण गर्मी बढने के साथ साथ जिले में आगजनी की घटनाएं सामने आ रही है। वहीं जिले में आगजनी की घटना से निपटने दमकल की समुचित व्यवस्था अभी तक नहीं बन पाई है। जिसके कारण आगजनी की घटना सामने आने पर निजी उद्योग कंपनियों से मदद लेनी पडती है। समय पर दमकल वाहन नहीं पहुंच पाने के कारण जान माल का नुकसान भी हो रहा है। चांपा के वार्ड क्रमांक 4 स्थित बड़े मठ मंदिर के पीछे पाठक टेंट हाउस के गोदाम में 25 अप्रैल की देर रात करीब 12 बजे अचानक भीषण आग लग गई। आग की लपटें इतनी भयावह थीं कि दूर-दूर तक दिखाई दीं, जिससे पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल बन गया। चांपा थाना पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। इस आगजनी में गोदाम में रखा करीब 25 लाख रुपये का सामान जलकर पूरी तरह राख हो गया। चांपा शहर में ही शार्ट सर्किट की घटना हो जाने के कारण दुकान संचालकों को काफी नुकसान पहुंचा। इस घटना गुमटी, ठेला एवं कपड़ा दुकान जल गए थे। इसी प्रकार नगर पंचायत बलौदा में आगजनी की घटना के कारण दुकान संचालक को काफी नुकसान पहूंचा। इस घटना में लोंगों की मौत का मामला भी सामने आ चुका है। घटना में दो लोगों की मौत हो चुकी है। इसी तरह रविवार 5 अप्रैल को मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम बनाहिल में स्थित कामन सर्विस सेंटर में आगजनी की वारदात हो गई थी। जिसके कारण कम्प्यूटर का पूरा सेट जलकर खाक हो गया। इस घटना में कॉमन सर्विस सेंटर संचालक को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। इसी तरह नवागढ़, पामगढ़, अकलतरा थाना क्षेत्र में आगजनी के मामले सामने आ चुके है। आगजनी से निपटने के लिए जिले में महज तीन दमकल है। ऐसे में आग लगने पर घटना स्थल तक दमकल पहुंचने में देरी हो जाती है। जिसके कारण आग फैलने से जान माल के नुकसान का खतरा बढ जाता है।



हसौद के कबाड़ी दुकान में लगी आग को बुझाते दमकमलकर्मी।

#### बनाई जाती है व्यवस्था

जिले में आगजनी की घटना सामने आने पर व्यवस्था बनाई जाती है। जरूरत के हिसाब से निजी कंपनियों की भी मदद ली जाती है। दमकल की कमी को लेकर मांग भी किए गए है।

-योगिता साहू
अग्निशमन अधिकारी

### पैरा जलाने की लापरवाही से कबाड़ी दुकान में लगी आग

**हसौद।** हसौद के मंडी चौक स्थित एक कबाड़ी दुकान में गुरुवार दोपहर भीषण आग लगने से लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। आग इतनी तेजी से फैली कि दुकान में रखे प्लास्टिक, टायर, कॉपी समेत अन्य कबाड़ी सामग्री देखते ही देखते जलकर राख हो गई। हालांकि घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई।जानकारी के अनुसार मंडी चौक स्थित सम्मेलाल खूंटे की कबाड़ी दुकान के पास खेत में एक किसान द्वारा पैरा जलाया जा रहा था। भीषण गर्मी और तेज हवाओं के चलते आग धीरे-धीरे आसपास फैलते हुए कबाड़ी दुकान तक पहुंच गई। दुकान में बड़ी मात्रा में ज्वलनशील सामग्री होने के कारण आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और ऊंची-ऊंची लपटें उठने लगीं। आग की लपटें और धुएं का गुबार देखकर आसपास के व्यापारी और मोहल्लेवासी मौके पर पहुंचे और तत्काल आग बुझाने में जुट गए। लोगों ने पानी और अन्य संसाधनों की मदद से कड़ी मशक्कत करते हुए आग पर काबू पाया। स्थानीय लोगों की तत्परता से आग को आसपास की दुकानों और मकानों तक फैलने से रोक लिया गया, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया।घटना के बाद स्थानीय लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। लोगों का कहना है कि शासन द्वारा खेतों में पैरा जलाने पर प्रतिबंध लगाया गया है, इसके बावजूद भी कई लोग लापरवाही पूर्वक खेतों में पैरा जल रहे हैं। लोगों ने प्रशासन से ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करने और नियमों का कड़ाई से पालन कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो।

# रकम दोगुनी करने का झांसा देकर 18 लाख की ठगी

## पामगढ़ पुलिस ने शातिर ठग को किया गिरफ्तार




पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

पैसा डबल करने का सपना दिखाकर लाखों रुपये की ठगी करने वाले ठग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। जमीन खरीदी -बिक्री में पार्टनरशिप और शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर झांसा देकर उसने ठगी की थी। पामगढ़ पुलिस ने शातिर ठग को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नवागढ़ थाना क्षेत्र के कटौद का निवासी विरेन्द्र कुमार दिवाकर (38 वर्ष) कुछ साल से पामगढ में रह कर इलेक्ट्रॉनिक दुकान संचालित करता है। करीब डेढ़ साल पहले उसकी मुलाक़ात चेउडीह निवासी कार्तिकेश्वर रात्रे से हुई। कार्तिकेश्वर से विरेन्द्र की अच्छी जान पहचान हो गई। विरेन्द्र ने कार्तिकेश्वर को कम समय में ज्यादा पैसा कमाने का सपना दिखाते हुए अपने झांसे में ले लिया। शेयर मार्केट में निवेश करने पर रकम डबल होने का भरोसा दिलाया। जमीन खरीदी -बिक्री में अच्छा मुनाफा होने की बात कहते हुए उसे पार्टनर बना लिया। विरेन्द्र की बातों में आकर कार्तिकेश्वर ने फरवरी 2025 से अप्रैल 2025 के बीच ऑनलाइन एवं नगद मिलाकर कुल 18 लाख रुपये दे दिए। रकम जुटाने के लिए कार्तिकेश्वर ने खेत गिरवी रखी और परिचितों से भी पैसों की व्यस्था कर दी। काफी दिनों बाद भी कोई पैसा नहीं मिलने पर कार्तिकेश्वर ने विरेन्द्र से कहा तो उसने लगातार जमीन दिखाने के बाद भी सौदा नहीं होने और शेयर मार्केट में पैसा फंसा होने का बहाना बनाता रहा। कार्तिकेश्वर रात्रे को न तो निवेश का लाभ मिला और न ही रकम वापस हुई। इसके बाद उसे ठगी का अहसास हुआ और उसने 20 मई को थाना पामगढ़ थाना में विरेन्द्र कुमार दिवाकर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई। थाना प्रभारी सावन कुमार सारथी ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया। पुलिस टीम नेविरेन्द्र कुमार दिवाकर को हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म स्वीकार किया। पुलिस ने विरेन्द्र कुमार दिवाकर को धारा 318(4) भारतीय न्याय संहिता के तहत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सावन सारथी, उप निरीक्षक कृष्ण कुमार साहू, आरक्षक बेदराम पटेल, विनोद मनहर एवं थाना पामगढ़ स्टाफ की भूमिका रही।

# बीडीसी प्रतिनिधि और डॉक्टर के बीच सीएचसी में विवाद, वीडियो वायरल

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मंगलवार की दोपहर बीडीसी प्रतिनिधि एवं ड्यूटी डॉक्टर के बीच इलाज को लेकर विवाद हो गया। घटना का वीडियो किसी ने मोबाइल में रिकॉर्ड कर लिया, जो देखते ही देखते नगर में वायरल हो गया और दिनभर चर्चा का विषय बना रहा। मिली जानकारी के अनुसार जनपद पंचायत क्षेत्र सजा पाली के जनपद सदस्य प्रतिनिधि वीरेंद्र पाटले किसी कार्य से अकलतरा आए हुए थे। दोपहर लगभग 1 बजे उन्हें अचानक कमजोरी एवं घबराहट महसूस हुई, जिसके बाद वे उपचार के लिए सीएचसी पहुंचे। वहां मौजूद नर्सिंग स्टाफ से उन्होंने बीपी एवं शुगर जांच कराने की बात कही। उस समय ड्यूटी पर तैनात डॉक्टर हरीश श्रीवास अस्पताल से जा चुके थे। नर्सिंग स्टाफ द्वारा उन्हें फोन कर बुलाया गया, जिसके बाद डॉक्टर अस्पताल पहुंचे और वीरेंद्र पाटलेका परीक्षण कर दवाइयां लिखीं। इसी दौरान ओपीडी समय को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद शुरू हो गया। वीरेंद्र पाटले का आरोप है कि डॉक्टर ने उनसे कहा कि "यह अस्पताल आने का समय नहीं है, ओपीडी दोपहर 1 बजे तक रहती है।" इस पर उन्होंने जवाब दिया कि मरीज की तबीयत खराब होने का कोई निश्चित समय नहीं होता। वीरेंद्र पाटले ने डॉक्टर द्वारा अभद्र व्यवहार करने का आरोप लगाया। वीरेंद्र पाटले ने मामले की शिकायत उच्च अधिकारियों से कर कार्रवाई की मांग करने की बात कही है। वहीं घटना का वीडियो सोशल मीडिया में वायरल होने के बाद नगर में चर्चाओं का दौर जारी है।

#### डॉक्टर का कहना है

डॉ हरीश चौहान का कहना है कि सुबह 8 बजे से 1 बजे तक अपनी ड्यूटी करके घर वापस गया था। नर्सिंग स्टाफ का फोन आने पर तुरंत अस्पताल पहुंचा एवं वीरेंद्र पाटले का इलाज कर दवाइयां लिखी। उनके द्वारा दवाइयां मांगे जाने पर दवाई सुबह 8 से 1 बजे तक एवं शाम 5 से 7 बजे तक मिलने की बात कही। इस पर वीरेन्द्र पाटले बहस करने लगे। शासकीय संस्थाएं निर्धारित नियमों के तहत संचालित होती है।

## प्री मानसून भूजल सर्वे...

**जांजगीर-चांपा।** जिले में भूजल संरक्षण एवं जल उपलब्धता की वास्तविक स्थिति का आंकलन करने प्री मानसून भूजल सर्वेक्षण अभियान प्रारंभ किया गया है। जिले के सभी ग्राम पंचायतों में यह अभियान 15 जून तक चलाया जाएगा। इस दौरान जलदूत मोबाइल एप के माध्यम से हर गांव के कुओं और बोरवेल का जल स्तर और आनलाइन दर्ज किया जा रहा है। अभियान का उद्देश्य भू जल की वर्तमान स्थिति का वैज्ञानिक विश्लेषण करना और आगामी वर्षा ऋतु के बाद होने वाले बदलावों का तुलनात्मक अध्ययन करना है। यह सर्वेक्षण भविष्य में जल संरक्षण और भू जल संवर्धन में उपयोगी सिद्ध होगी।



### पीएम आवास में राशि मांगने के ऑडियो मामले में व्यायाम शिक्षक को नोटिस

**जांजगीर-चांपा।** ग्राम पंचायत पचरी में प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से राशि मांगने संबंधी वायरल ऑडियो मामले में कलेक्टर ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय नवागढ़ के व्यायाम शिक्षक को जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा कारण बताओ नोटिस जारी किया है। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व जांजगीर द्वारा प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन के अनुसार संबंधित वायरल ऑडियो को नलसाय दिवाकर ने स्वयं का होना स्वीकार किया है। जांच के दौरान हितग्राहियों एवं अन्य व्यक्तियों के कथनों में पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप तथा प्रधानमंत्री आवास योजना के संबंध में राशि मांगने की बात प्रथम दृष्टया परिलक्षित हुई है। इस प्रकार शासकीय सेवक होते हुए पंचायत के कार्यों में हस्तक्षेप करना अशोभनीय है तथा यह पदीय दायित्वों के प्रति अनुशासनहीनता है। जिला शिक्षा अधिकारी ने संबंधित शिक्षक के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई करते हुए नोटिस जारी किया है। साथ ही पत्र प्राप्ति के 2 दिवस के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष स्वयं उपस्थित होकर प्रतिवाद प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं।

# तीन अलग अलग मामलों में 160 लीटर शराब के साथ 4 गिरफ्तार

**सक्ती।** तीन अलग अलग मामलों में 160 लीटर शराब के साथ 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार जिले में अवैध जुआ, सट्टा एवं नशीले पदार्थों के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के अंतर्गत 25 को मुखबिर की सूचना पर विभिन्न ठिकानों पर दबिश दी गई। इस दौरान



ग्राम जोंगरा स्थित कांटाझरिया पहाड़ के ऊपर कुछ व्यक्तियों द्वारा अलग-अलग स्थानों पर अवैध रूप से भारी मात्रा में कच्ची महुआ शराब बिक्री हेतु संग्रहित कर रखी गई है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना सक्ती द्वारा तत्काल संयुक्त पुलिस टीम गठित कर मौके पर योजनाबद्ध तरीके से दबिश दी गई। छापामार कार्यवाही के दौरान देवदत जायसवाल रविशंकर सिदार, ओम प्रकाश साहू एवं भुपेन्द्र जायसवाल को अवैध महुआ शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। वहीं आरोपियों के कब्जे से 160 लीटर शराब जब्त किया गया है। कुछ अन्य लोग पुलिस टीम को देखकर झाड़ियों एवं पहाड़ी क्षेत्र का लाभ उठाकर मौके से फरार हो गए, जिनकी तलाश की जा रही है।

## खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई कार्रवाई

# अवैध रूप से संग्रहित 2 सौ ट्रैक्टर रेत को वापस डाला गया नदी में

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

ग्राम अमोदी में अवैध रूप से संग्रहित 2 सौ ट्रैक्टर रेत को फिर से नदी में डंप कराने की कार्रवाई की गई है। इसके साथ ही अवैध परिवहन कार्य में लगे 1 हाइवा एवं 1 ट्रैक्टर को जब्त किया गया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है7

ज्ञात हो कि लंबे समय से अवैध रेत का परिवहन एवं उत्खनन व भंडारण पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। साथ ही वाहनों को जब्त भी किया जा रहा है। इसी के तहत अवैध रूप से भंडारित रेत को फिर से नदी में डलवाने का काम किया गया है। मंगलवार 26 फरवरी को ग्राम आमोदी (खपरीडीह) में अवैध रूप से संग्रहित लगभग 200 ट्रैक्टर रेत को पुनः नदी में डलवाया गया। इसके साथ ही अवैध परिवहन में संलिप्त1 हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर को भी जब्त कर पुलिस लाइन खोखरा में सुरक्षार्थ रखा गया है। उन्होंने बताया कि दर्ज प्रकरण पर खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम, 1957 की धारा 21 से 23(ख) के तहत नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के विरुद्ध लगातार सख्त कार्रवाई जारी रखने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।





रेत को वापस नदी में डालते वाहन चालक।




## खबर संक्षेप



### जनदर्शन में कलेक्टर ने सुनी आमजनों की समस्याएं

**कोरबा।** कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन कार्यक्रम में जिले के शहरी एवं दूरस्थ क्षेत्रों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रस्तुत की। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, पारदर्शी निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ दिनेश नाग, अपर कलेक्टर देवेंद्र पटेल, ओंकार यादव, डिप्टी कलेक्टर टी आर भारद्वाज सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में अवैध कब्जा पर रोक, प्रधानमंत्री आवास की किश्तों की भुगतान में अनियमितता, मनरेगा मजदूरी भुगतान, ट्राई सायकिल की मरम्मत, पेयजल व्यवस्था, नकल दिलाने, महतारी वंदन, वृद्धा पेंशन, पीएम स्वनिधि के तहत लोन दिलाने, अतिक्रमण हटवाने, आर्थिक सहायता, वनाधिकार पट्टा की जांच, सीमांकन एवं मानदेय भुगतान संबंधी कुल 121 आवेदन प्राप्त हुए। कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को त्वरित जांच कर पात्र हितग्राहियों को शीघ्र राहत प्रदान करने के निर्देश दिए।

### माकपा आज एसडीएम कार्यालय का करेगी घेराव

**कोरबा।** एसईसीएल के बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान से प्रभावित किसानों को विगत तीन वर्षों का फसल क्षतिपूर्ति मुआवजा देने की मांग को लेकर प्रभावित किसानों के साथ मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी और छत्तीसगढ़ किसान सभा ने बैठक करने के बाद माकपा प्रतिनिधि मंडल ने कटघोरा एसडीएम कार्यालय का 26 मई को घेराव का नोटिस कटघोरा एसडीएम सहित जिले के प्रशासनिक अधिकारियों को थमाया था लेकिन प्रशासन ने भू धसान से प्रभावित किसानों की समस्या को गंभीरता से नहीं लिया जिससे आक्रोशित किसानों ने बैठक कर 26 मई को माकपा के नेतृत्व में एसडीएम कार्यालय घेराव की रूपरेखा तैयार की है। प्रभावित किसानों ने बताया कि बल्गी सुराकछार खदान के भूधसान के कारण सुराकछार बस्ती के किसानों की भूमि वर्ष 2009 से कृषि कार्य करने योग्य नहीं रह गई है। इससे किसानों को हुए भारी नुकसान को देखते हुए वर्ष 2022-2023 तक का फसल क्षतिपूर्ति व मुआवजा एसईसीएल प्रबंधन को देना पड़ा है लेकिन इसके बाद वर्ष 2023-24 से वर्ष 2025-26 तक का तीन वर्षों का मुआवजा अभी तक लंबित है। कई बार कटघोरा एसडीएम को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया और फसल क्षतिपूर्ति का मुआवजा आंकलन तैयार करने की मांग की गई लेकिन किसानों की समस्या को लेकर जिला प्रशासन का राजस्व विभाग द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है इसलिए अब मजबूर होकर आंदोलन करने के लिए बाध्य हुए है।

### ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार ने मनाया शहादत दिवस



**हरदीबाजार।** ब्लाक कांग्रेस कमेटी हरदीबाजार द्वारा 25 मई को झीरम घाटी के नक्सली हमले में शहीद हुए नेता नंदकुमार पटेल, महेंद्र कर्मा, उदय मुदलियार एवं अन्य नेताओं के पुण्यतिथि को शहादत दिवस के रूप में पूर्व विधायक कटघोरा पुरुषोत्तम कंवर के निवास स्थान हरदीबाजार में शहीद हुए नेताओं को याद करते हुए कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मनाया गया। जिसमें पूर्व विधायक पुरुषोत्तम कंवर, श्रीमती मीरा कंवर, कांग्रेस महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती प्रभा तंवर, ब्लाक अध्यक्ष कौशल श्रीवास, ब्लाक प्रभारी गुलशन जायसवाल, मंडल अध्यक्ष हरदीबाजार रामशरण कंवर, मंडल अध्यक्ष कोरबी चन्द्रहास राठौर, रमेश अहीर, सैय्यद कलाम, मुकेश बर्मन, रायसिंह तंवर, चित्रपाल श्रीवास, राधे चौहान, दिनेश जगत, मीडिया प्रभारी लक्ष्मी बंजारे, द्वारिका यादव सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# जिले में शिक्षकों के 800 पद रिक्त, भर्ती का है इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक सहायक शिक्षक, शिक्षक और व्याख्याता के लगभग 800 पद खाली हैं। जिन पर लंबे समय तक स्थानीय और शासन स्तर से भर्ती नहीं होने के कारण स्कूलों की पढ़ाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। नए शिक्षण सत्र के पूर्व रिक्त पदों पर भर्ती की कवायद शुरू करने की तैयारी चल रही है।

व्याख्याता के पदों पर भर्ती के लिए शासन की ओर से अतिथि शिक्षक की भर्ती 3 वर्ष पूर्व की गई थी। उसके बाद से इन पदों पर भर्ती की प्रक्रिया नहीं होने के कारण रिक्त पदों की संख्या बढ़ती गई। हालांकि इसके पीछे शिक्षकों के सेवानिवृत्त होने का भी एक कारण बताया जा रहा है। इसके अलावा पदोन्नति और स्थानांतरण में भी अधिकांश शिक्षक जिले से बाहर चले गए। उनके जगह जिले के बाहर से शिक्षकों के नहीं आने के कारण भी पद रिक्त बताए जा रहे हैं। अब इन रिक्त पदों पर भर्ती के लिए कवायद चल रही है। इसके लिए 30 अप्रैल तक रिक्त पदों की जानकारी सभी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों से मांगी गई है। जिसमें शिक्षक, सहायक शिक्षक और व्याख्याता की पदस्थापना का रिकार्ड भी मांगा गया है। कई बार संलग्न शिक्षक को भी पदस्थ शिक्षक की सूची में शामिल कर रिकार्ड मेंटेन कर लिया जाता है। जिसकी वजह से शिक्षकों के रिक्त पदों की सही जानकारी सामने नहीं आ पाती थी। कलेक्टर के इस बार रिक्त पदों की जानकारी को लेकर कड़ाई बरतने और स्पष्ट जानकारी विकासखंड शिक्षा अधिकारियों के द्वारा भेजा जा रहा है। जल्द ही जारी जानकारियां मिलने के बाद भर्ती की कार्रवाई स्थानीय स्तर पर शुरू हो सकती है।

## नए शिक्षण सत्र से पहले भर्ती की होगी कवायद

**खास बात**

- प्राथमिक शाला से लेकर हायर सेकेंडरी स्कूल तक में पद हैं खाली



### स्वामी आत्मानंद में चल रही है भर्ती

जिले में 15 अंग्रेजी माध्यम के स्कूल चल रहे हैं। यहां भी पिछले तीन वर्ष से शिक्षकों का टोटा बना हुआ था। शिक्षक एवं गैर शिक्षकीय पदों पर भर्ती के लिए जिला शिक्षा विभाग ने विज्ञान जारी कर शिक्षित बेरोजगारों से 25 मई तक ऑनलाइन आवेदन मांगे हैं। इसमें माध्यमिक एवं प्राथमिक शाला के प्रधान पाठक पद भी शामिल हैं। भर्ती की प्रक्रिया चलने के कारण अन्य स्कूलों में भर्ती की प्रक्रिया बाद में शुरू की जाएगी।

## खाद के भंडारण और बिक्री के रिकार्ड की हुई जांच

# पाली ब्लाक की खाद दुकानों में पहुंची कृषि विभाग की टीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कृषि विभाग से लाइसेंस लेकर खाद बीज का विक्रय करने वाली निजी दुकानों के खाद के भंडारण व बिक्री को लेकर जांच की कार्रवाई शुरू की गई है। सोमवार को खाद विभाग की टीम ने पाली ब्लाक क्षेत्र में चलने वाली दुकानों में दबिश दी।

**खास बात**

- अधिक दर पर बेचने के मामले को लेकर भी विभाग ने शुरू की कार्रवाई

खरीफ की फसल की तैयारी में जुटे किसानों के खाद की व्यवस्था के लिए सहकारी समितियों में भंडारण किया जा रहा है। लेकिन इस बार खाद उठाव को लेकर जिस तरह के जटिल प्रावधान लागू किए गए हैं उससे किसानों का रूख निजी दुकानदारों की ओर भी बना हुआ है। जिसका फायदा निजी दुकानदार उठा रहे हैं। तय कीमत से ज्यादा दर पर खाद की बिक्री की शिकायत आने पर कृषि विभाग सक्रिय हो गया है। अपने मैदानी अमले को इस मामले को लेकर कार्यवाही करने के लिए निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में विकासखंड पाली के अंतर्गत चलने वाली खाद बीज दुकानों में दबिश देकर दुकानों के रिकार्ड, स्टाक रजिस्टर, बिक्री रजिस्टर, लाइसेंस नवीनीकरण आदि रिकार्ड की जांच की गई है। पूर्व में भी इस विभाग ने इस तरह का अभियान चलाया था। इस बार राज्य शासन की ओर से भी खाद के संभावित संकट को देखते हुए निजी दुकानदारों के लिए भी नए नियम लागू कर दिए गए हैं। बिना जमीन दस्तावेज के वह भी खाद नहीं बेच सकेंगे।



जांच करती कृषि विभाग की टीम।

### 92 हजार हेक्टेयर में होगी धान की खेती

बीते वर्ष की तरह इस वर्ष भी 92 हजार हेक्टेयर में धान की खेती की जाएगी। कृषि विभाग ने निर्धारित लक्ष्य के तहत 92 हजार हेक्टेयर का ही पैमाना राज्य शासन को भेजा है। विभाग के द्वारा यह भी प्रयास किया जा रहा है कि विकासखंड स्तर पर प्रत्येक ब्लाक में कम से कम 900 हेक्टेयर खेती का रकबा कम किया जाए। इसकी जगह अन्य फसलों की खेती के लिए बढ़ावा देने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पहले दिन नहीं मिले अधिक दर पर बिक्री के मामले

पहले दिन पाली ब्लाक में कार्रवाई करने पहुंची कृषि विभाग की टीम को ऐसा कोई मामला नहीं मिला, जिससे यह साबित हो सके कि किसानों को निर्धारित दर से अधिक दर पर खाद बेची जा रही है। जिले में खाद और बीज के लाइसेंस धारक दुकानें पाली व पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड में सर्वाधिक हैं। जबकि खेती का रकबा अन्य विकास खंडों से कम है। उसके बावजूद दुकानों की संख्या अधिक होने को लेकर सवाल खड़े हुए हैं। कृषि विभाग के द्वारा लाइलेंस नवीनीकरण पर ज्यादा फोकस किया जा रहा है। एक माह पूर्व शुरू हुई कार्रवाई के दौरान कुछ दुकानों के लाइसेंस नवीनीकरण नहीं होने के मामले भी सामने आए थे। जिन्हें नोटिस जारी कर एक निश्चित समय दिया गया था। कार्रवाई के दौरान स्टाक रजिस्टर एवं खाद खरीदने पहुंचने किसानों से भी टीम के सदस्यों ने पूछताछ की है।

### अधिक दर पर बेचने के मामले नहीं मिले

खरीफ फसल के लिए सरकारी समितियों में खाद का भंडारण किया जा रहा है। मार्केट में अधिक दर पर खाद बेचने के मामले सोमवार को विभाग के द्वारा निजी दुकानों में की कार्रवाई के दौरान नहीं मिले हैं। लेकिन यह कार्रवाई अनवरत जारी रहेगी। दुकानों के रिकार्ड की जांच पड़ताल की गई है।

**-डीपीएस कंवर,** उप संचालक कृषि

## मुख्यमंत्री गली-गली जाकर जनसमस्याओं का कर रहे निराकरण: लखनलाल



हितग्राही को राशन कार्ड बांटते उद्योग मंत्री व उपस्थित महापौर, सभापति, पार्षद।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विगत 11 वर्षो के अपने कार्यकाल में देश का सम्मान विश्व स्तर पर बढ़ाया है, जिसके लिये हम प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हैं। वहीं मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय अपने कार्यों व योजनाओं से लगातार जनकल्याण का कार्य कर रहे हैं। हमारी सरकार जनहितकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन पर विश्वास रखती है तथा सरकार जो कहती है, वह करती भी है। मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं गांव-गांव, गली-गली जाकर जनसमस्याओं से रूबरू हो रहे हैं, उनका निराकरण करा रहे हैं।

उक्त बातें श्रम व उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने सर्वमंगलानगर जोनांतर्गत विकास नगर में आयोजित सुशासन तिहार शिविर को संबोधित करते हुए कहा। उन्होंने कहा कि सुशासन तिहार के माध्यम से प्रत्येक व्यक्ति तक शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी पहुंचाई जा रही है, उन्हें लाभान्वित किया जा रहा है तथा उनकी बरसों पुरानी समस्याएं दूर हो रही हैं। उन्होंने कहा कि नगर निगम क्षेत्र में बड़ी सफलता के साथ सुशासन तिहार का आयोजन किया गया है, जिसके लिये महापौर, आयुक्त, सभापति तथा निगम के सभी पार्षदों को बधाई देता हूं। उल्लेखनीय है कि निगम क्षेत्र में पहला शिविर विगत 7 मई को कोरबा जोन कार्यालय में, दूसरा शिविर 11 मई को टीपीनगर जोन कार्यालय में, तीसरा शिविर 13 माई को कोसाबाड़ी जोन कार्यालय, चौथा शिविर 15 मई को पं.रविशंकर नगर जोन कार्यालय, पांचवां शिविर 20 मई को बालको जोन कार्यालय तथा छठवां शिविर में दर्री जोन कार्यालय परिसर में आयोजित हुआ था, वहीं इस कड़ी में सोमवार को निगम का सातवां व अंतिम सुशासन तिहार शिविर सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत विकास नगर में आयोजित किया गया। इस दौरान निगम आयुक्त आशुतोष पाण्डेय ने बताया कि सर्वमंगला नगर जोनांतर्गत वर्ष 2023 से अब तक 5 करोड़ 83 लाख रूपये की लागत से 54 कार्य स्वीकृत किये गये थे, जिनमें 28 कार्य पूर्ण हो गये हैं, 13 कार्य प्रगति पर है तथा 13 कार्य निविदा में हैं। शिविर के दौरान शासन के विभिन्न योजनाओं के हितग्राहियों को योजनाओं के लाभ से लाभान्वित किया गया। शिविर में अतिथियों द्वारा हितग्राही चन्द्रशेखर व विष्णु प्रसाद को पीएम आवास की चाबी प्रदान की गई। इसी प्रकार हितग्राही शांता बाई व प्रभा यादव को राशन कार्ड, गोपी देवगन को वृद्धावस्था पेंशन तथा गौरीशंकर साहू व मोहनबाई रत्नाकर को श्रवण यंत्र प्रदान किया गया।

## स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में कला और संस्कृति के संरक्षण एवं बच्चों में रचनात्मक प्रतिभा को निखारने के उद्देश्य से

**खास बात**

- एक से 10 जून तक सुबह 8 से 10 बजे तक छात्रों को सिखायी जाएगी चित्रकला की बारीकियां

संस्कार भारती जिला इकाई कोरबा के तत्वावधान में 1 से 10 जून तक 10 दिवसीय चित्रकला कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है।

यह कार्यशाला कटघोरा स्थित स्वामी आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल में प्रतिदिन सुबह 8 बजे से 10 बजे तक संचालित होगी। कार्यशाला में बच्चों को चित्रकला की बारीकियां अनुभवी चित्रकार संदीप कुमार सारथी द्वारा विशेष रूप से सिखाई जाएंगी। आयोजन समिति का उद्देश्य बच्चों की कला प्रतिभा को मंच प्रदान करना और उनमें रचनात्मक सोच विकसित करना है। कार्यशाला में दो आयु वर्ग निर्धारित किए गए हैं। पहला वर्ग 6 से 10 वर्ष तथा दूसरा वर्ग 11 से 16 वर्ष तक के बच्चों के लिए रहेगा। प्रत्येक वर्ग में 20-20 प्रतिभागियों को शामिल किया जाएगा। पंजीयन शुल्क मात्र 100 रुपये रखा गया है ताकि अधिक से अधिक बच्चे इस कला प्रशिक्षण का लाभ उठा सकें। आयोजकों ने बताया कि प्रतिभागियों को अपनी रंग सामग्री एवं ड्राइंग पेपर साथ लाना होगा। कार्यशाला के माध्यम से बच्चों को स्केचिंग, रंग संयोजन, प्रकृति चित्रण एवं कलात्मक अभिव्यक्ति की विशेष तकनीकों का प्रशिक्षण दिया जाएगा।

## तिराहे पर मनमानी पार्किंग मालवाहकों पर हुई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

यातायात पुलिस ने कुसमुंडा के इमली छापर चौराहा में मनमानी तरीके से भारी वाहनों को पार्क करने पर कार्रवाई की। यहां कई मल्टी व्हीकल पर लॉक लगाने के साथ जुर्माना वसूल किया गया। एक तो पहले से ही इस क्षेत्र में जाम की समस्याएं हो रही है, और गर्मी के मौसम में जनता इन कारणों से परेशान है। किसी तरह विकल्प निकालने का काम पुलिस ने किया ताकि लोगों को कुछ हद तक राहत दी जा सके। इस बीच ऐसे मामले प्रकाश में आ रहे हैं जबकि कोयला लोड गाड़ियों को यहां वहां खड़ा कर दिया जा रहा है। इस वजह से आवागमन में समस्याएं हो रही है और जनता को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। गर्मी के दौर में कहीं पर भी घंटे से लेकर मिनट तक इंतजार करना लोगों को काफी भारी लग रहा है ऐसे में मनमानी पार्किंग सर दर्द बड़ा रही है। ट्रैफिक पुलिस ने ऐसी एक शिकायत पर इमली छापर तिराहा के आसपास कई गाड़ियों पर लाक की कार्रवाई की। कुछ देर के बाद लोग आपत्ति जताने पहुंच गए जिस पर उन्हें बताया गया की कार्रवाई का आधार क्या है और यह जरूरी क्यों है। पुलिस ने कहा कि सभी क्षेत्रों में मनमानी पार्किंग को लेकर अभियान लगातार चलेगा और इसमें किसी भी प्रकार से सहूलियत नहीं दी जाएगी।



भारी वाहनों के खिलाफ कार्यवाही करती ट्रेफिक पुलिस।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार तीन युवकों को मारी टक्कर, एक की मौत दो घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने मोटरसाइकिल सवार तीन युवकों को अपनी चपेट में ले लिया जिससे बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई है जबकि दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत इमलीडुग्गू निवासी जितेंद्र कुमार उसके दो अन्य साथी मोनू सिंह और रोशन मोटरसाइकिल में सवार होकर सोमवार को किसी काम से चांपा की ओर गए हुए थे जहां से वापस लौटने के दौरान दोपहर को उरगा थाना क्षेत्र अंतर्गत भारतमाला चौक के समीप पहुंचे थे कि किसी अज्ञात वाहन ने जितेंद्र कंवर की मोटरसाइकिल को अपनी चपेट में ले लिया जिससे जितेंद्र कंवर गंभीर चोट लगने से मौके पर ही मौत हो गई जबकि बाइक सवार मोनू सिंह और रोशन गंभीर रूप से घायल हो गए हैं जिन्हें उपचार के लिए मेडिकल हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। उरगा थाना प्रभारी नवीन पटेल ने बताया कि घायलों को उपचार के लिए मेडिकल अस्पताल भेज दिया गया है।

## दो दिवसीय प्रवास पर पहुंचे थे कोरबा

# पूर्व उपमुख्यमंत्री टीएस सिंहदेव ने महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर साधा निशाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के पूर्व उप मुख्यमंत्री एवं कांग्रेस के वरिष्ठ नेता टी.एस. सिंहदेव अपने दो दिवसीय कोरबा प्रवास के दूसरे दिन सोमवार को पत्रकारों से बातचीत करते हुए देश में बढ़ती महंगाई को लेकर केंद्र सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि केंद्र ने देश की जनता को गुमराह किया है। जिस तरह की नीति केंद्र सरकार ने अपनाई है उससे देश को नुकसान हो रहा है।

पूर्व उपमुख्यमंत्री टी एस बाबा, पूर्व राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के निवास स्थान में पत्रकारों से चर्चा कर रहे थे। सिंहदेव ने आगे कहा कि देश के जनप्रतिनिधियों को युद्ध को लेकर पहले से ही आभाष था लेकिन समय रहते केंद्र सरकार ने कोई कदम नहीं उठाए। उन्हें वैकल्पिक व्यवस्था करना था लेकिन वह वैकल्पिक व्यवस्था करने की बजाए डोनाल्ड ट्रंप की टेरिफ रणनीति के आगे झुक गए और अमेरिका के दबाव में केंद्र सरकार रसिया से तेल लेने का काम बंद कर दिया जबकि रसिया भारत को कम रेट पर तेल दे रहा था लेकिन भारत सरकार ने इस मामले में गंभीरता नहीं दिखाई और आज एलपीजी पेट्रोलियम और खाद का संकट खड़ा हो गया है। पेट्रोलियम पदार्थो की बढ़ते दामों की वजह से देश की जनता महंगाई से जूझ रही है। कच्चे तेल पर एक तरफ केंद्र सरकार ने सेंस लगाया है इसका कुछ हिस्सा भी राज्य सरकार को नहीं मिलता। केंद्र सरकार ने इसकी बढ़ी हुई दर पर भी कटौती नहीं की। जिसकी वजह से महंगाई की मार जनता पर पड़ी है। प्रदेश में कांग्रेस की सक्रियता के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में कांग्रेस ने लगातार आंदोलन किए हैं। एसआईआर के दौरान नाम काटे जाने के मामले का भी कांग्रेस ने जमकर विरोध किया था। परिणाम स्वरुप नाम मात्र के ही नाम कटे हैं। प्रदेश संगठन के सवाल पर उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बदलने की कोई चर्चा नहीं है। प्रदेश संगठन को लेकर जो रणनीति उदयपुर चिंतन शिविर में बनी थी उसके अनुसार ही ब्लॉक स्तर, मंडल स्तर और सेक्टर स्तर में कमेटियों का गठन किया जा रहा है। वार्ड में विकास समितियां भी बनाई जा रही हैं। सिंहदेव ने यह भी स्पष्ट किया कि कांग्रेस संगठन में जल्द ही लंबित नियुक्तियां पूरी की जाएंगी, जिससे पार्टी को नई मजबूती मिलेगी। बैठक के दौरान स्थानीय समस्याओं, विकास कार्यों और जनहित से जुड़े



पत्रकारों से चर्चा करते श्री सिंहदेव।

### यादव ग्राम सभा की बैठक में सामाजिक एकता पर जोर

**खरौद।** छत्तीसगढ़ रतनपुरिया कनौजिया यादव समाज की खरौद ग्राम सभा की बैठक सामुदायिक भवन खाल्हे पाराखरौद में आयोजित की गई जिसमें स्वजातीय जन बहुतायत संख्या में उपस्थित हुए। बैठक का शुभारंभ यदुवंश शिरोमणि भगवान कृष्ण की समाज के वरिष्ठ सदस्यों गोपी यादव, धनसाय ,यादव ,एवं पुरुषोत्तम यादव तथा सभी उपस्थित सदस्यों के द्वारा पूजा अर्चना से हुआ। बैठक में मुख्य रूप से समाज उत्थान हेतु संगठन को मजबूती प्रदान करने, समाज में व्याप्त कुरीतियों पर चर्चा कर उसमें सुधार करने, जन्मोत्सव विवाह एवं मृतक कर्म में मितव्ययिता पर जोर दिया गया। खरौद ग्राम सभा के सुचारू संचालन एवं आर्थिक मजबूती प्रदान करने के लिए उपस्थित अधिकांश सदस्यों ने आर्थिक सहयोग भी प्रदान किया। एवं ग्राम सभा को आर्थिक रूप से मजबूत करने के लिए कई सुझाव भी प्रस्तुत किये। बैठक में गुरुदेव यादव, रामराज यादव, बद्री यादव, विजय यादव,गोपी यादव, दिलीप यादव ,शिवरात्रि यादव (पूर्व महासभा पर्यवेक्षक), कोमल यादव, राजेश यादव, नारायण यादव, रामसाय(पार्षद),रामकुमार यादव, चमरू यादव, रघुवीर यादव, बहरतायादव, महेश्वर यादव (न पं उपाध्यक्ष), राधेश्याम यादव आदि उपस्थित रहे।

जाँजगीर मार्केट
प्रो. विद्याशंकर सिंघानिया
विद्या इलेक्ट्रिकल्स
सभी कम्पनियों के बिजली सामनों के थोक एवं चिल्हर विक्रेता।
न्यू चांपा रोड, नेताजी चौक जांजगीर
जिला-जांजगीर-चांपा (छ.ग.)
9926744810

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
◆ हड्डी एवं जोडों का दर्द ◆ नसों का रोग
◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मानसिक रोग
◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग
◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड
◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मांसपेशी का रोग
◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त



# वेलकम टू द जंगल का नया गाना घिस-घिस...

**मुंबई।** अक्षय कुमार अपकमिंग फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' को लेकर चर्चा में हैं। इस बीच फिल्म का नया गाना 'घिस घिस घिस' रिलीज हुआ है। नए गाने में देखा जा सकता है कि अक्षय भोजपुरी अभिनेत्री अक्षरा सिंह के साथ डांस कर रहे हैं। वह शॉर्ट कुर्ता और पजामा में हैं। उनके बाल बड़े हैं और उन्होंने हल्की दाढ़ी रखी है। वहीं अक्षरा सिंह साड़ी में नजर आ रही हैं। गाना भोजपुरी अंदाज में फिल्माया गया है। गाने के बोल भी भोजपुरी में हैं। अक्षय कुमार और अक्षरा सिंह ने गाने पर शानदार डांस किया है। गाने के बोल अभिनव शेखर ने लिखे हैं। इसे विक्रम मोंट्रोस और सुप्रिया पाठक ने आवाज दी है।

## लाइफ Style


# अनन्या

## चांद मेरा दिल में भरतनाट्यम पर छिड़ी बहस

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अनन्या पांडे की हालिया फिल्म 'चांद मेरा दिल' के एक डांस सीक्वेंस ने सोशल मीडिया पर हलचल मचा दी है, लेकिन शायद उन कारणों से नहीं जिनकी फिल्ममेकर्स ने उम्मीद की होगी। 22 मई को रिलीज हुई फिल्म की एक छोटी क्लिप तेजी से सोशल मीडिया पर वायरल हो गई, जिससे मीम्स, आलोचनाओं और भरतनाट्यम को लेकर अलग-अलग राय की बाढ़ आ गई।

लोग कह रहे हैं कि अनन्या ने क्लासिकल डांस के साथ ये क्या कर दिया है। फिल्म में अनन्या पांडे चांदनी का किरदार निभा रही हैं, जो इंजीनियरिंग की स्टूडेंट होने के साथ-साथ भरतनाट्यम डांसर भी हैं। इस सीक्वेंस में उन्हें एक डांस करते हुए दिखाया गया है जो देखकर लक्ष्य इंप्रेस हो जाते हैं। जहां कुछ दर्शकों ने इस डांस की तारीफ की, वहीं कई ऑनलाइन यूजर्स ने इसकी कड़ी आलोचना की। यह चर्चा तब और बढ़ गई जब एक यूजर ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर यह डांस शेयर करते हुए लिखा, 'भरतनाट्यम 200 एडी में ही पतन की ओर चला गया और अनन्या पांडे के साथ 2026 में इसका अंत हो गया।' कई लोगों ने क्लासिकल डांस की मुद्राओं पर भी सवाल उठाया। एक ने लिखा- हमारी संस्कृति का अपमान है ये, मुद्राओं को रोबोटिक कर दिया है। पोस्ट तेजी से वायरल हो गई और लोगों के रिएक्शन्स की बाढ़ आ गई। एक ने कमेंट किया- भरतनाट्यम का विकास हो गया है। दूसरे ने लिखा- वे अनन्या पांडे के डांस करने की क्षमता को छिपाने की इतनी कोशिश कर रहे हैं कि अब तो यह बहुत शर्मनाक लगता है। एक यूजर ने मजाक में कहा- क्या कोई उस हीरो की नब्ज चेक कर सकता है? आलोचना यहीं नहीं रुकी।




## हॉलीवुड मसाला



# फिर से लौट रहा हाउस ऑफ द ड्रैगन...

**लॉस एंजिल्स।** एचबीओ मैक्स ने एक टीजर वीडियो के जरिए प्लेटफॉर्म ने अपने बड़े प्रोजेक्ट्स की झलक दिखाई, जिसमें पुराने हिट शोज की वापसी, नई फ्रेंचाइज और कई दिलचस्प ओरिजिनल कंटेंट शामिल हैं। यह साफ है कि एचबीओ मैक्स आने वाले साल में बड़े पैमाने पर एंटरटेनमेंट देने की तैयारी में है। सबसे बड़ी खबर हाउस ऑफ द ड्रैगन के तीसरे सीजन की है, जो 21 जून को रिलीज होगा। इस सीजन में टार्गेरियन परिवार की सत्ता की लड़ाई और भी तेज होती दिखाई देगी, जो पहले से ही दर्शकों के बीच काफी पॉपुलर है।



# जेम्स बॉन्ड के दौड़ में कभी था ही नहीं : एल्बा

**लॉस एंजिल्स।** मशहूर जासूस जेम्स बॉन्ड पर बनी फिल्मों में अब तक कई अभिनेताओं ने मुख्य किरदार निभाया है। अब बॉन्ड पर बन रही अगली फिल्म में मुख्य किरदार की कास्टिंग को लेकर कई खबरें सामने आ रही हैं। शुरुआत में खबर सामने आई कि इस फिल्म में भी जेम्स बॉन्ड का किरदार डेनियल क्रेग ही करेंगे, पर उन्होंने इससे इंकार कर दिया। फिर सुनने में आया कि लूथर, हैड ऑफ स्टेट और थॉर जैसी फिल्मों में काम कर चुके इदरीस एल्बा को बॉन्ड का रोल ऑफर हुआ है। अब इस बारे में उन्होंने बयान जारी कर सफाई दी है। एक इवेंट के दौरान एल्बा ने भी इन अफवाहों पर विराम लगा दिया। उन्होंने कहा, 'मैं ऐसी किसी फिल्म का हिस्सा नहीं हूं। टीम युवा कलाकारों को खोज रहे हैं। मेरी तरफ से इस प्रोजेक्ट को ढेर सारी शुभकामनाएं।



# करिश्मा ने पुलिसिया अंदाज में की वापसी

**मुंबई।** अभिनेत्री करिश्मा कपूर आखिरी बार 2024 में 'मर्डर मुबारक' में नजर आई थी। एक समय अपने रोमांटिक किरदारों के लिए जानी जाने वाली एक्ट्रेस अब 'ब्राउन' में नजर आने वाली हैं। इस वेबसीरीज का टीजर भी रिलीज हो चुका है। जिससे एक्ट्रेस के फैंस काफी खुश हैं। वेब सीरीज 'ब्रउन' में अभिनेत्री करिश्मा कपूर पुलिस अधिकारी के रूप में नजर आएंगी। टीजर के मुताबिक वह रीटा ब्राउन का किरदार निभाएंगी। जो एक ईमानदार पुलिस अधिकारी है। इसके साथ ही वह एक बहुत ही गंभीर केस की जांच कर रही है। अपने व्यक्तिगत जीवन में वह कई समस्याओं से जूझ रही है। मगर वह अपने फर्ज को शिद्दत से निभाती है। वेब सीरीज 'ब्राउन' की कहानी मुख्य रूप से उपन्यास 'सिटी ऑफ डेथ' पर आधारित है। जिसे 2016 में अभेक बरुआ ने लिखा था।



# कॉकटेल-2 का गाना तुझको रिलीज...

**मुंबई।** शाहिद कपूर, रश्मिका मंदाना और कृति सेनन स्टारर फिल्म 'कॉकटेल 2' का नया गाना 'तुझको' सोमवार को रिलीज कर दिया गया है। यह एक सोलफुल और भावुक रोमांटिक ट्रैक है जो रिलीज होते ही लोगों के दिलों में उतरता दिख रहा है। रश्मिका मंदाना ने गाने को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया, जिसके साथ उन्होंने लिखा, 'बहुत सारे प्यार और भावनाओं से भरा यह खूबसूरत गाना दिल को छू लेने वाला है।' उन्होंने आगे लिखा, 'मुझे यह गाना बेहद पसंद आया और उम्मीद है कि आप सभी को भी यह उतना ही पसंद आएगा।' 'कॉकटेल 2' के इस गाने में शाहिद कपूर और रश्मिका मंदाना की फ्रेस केमिस्ट्री देखने को मिलती है। स्क्रीन पर दोनों की केमिस्ट्री बेहद सहज, सुंदर और प्रभावशाली नजर आ रही है।

## टीवी मसाला



# असली भाई थे महाभारत के नकुल और सहदेव...

**नई दिल्ली।** 'महाभारत' न केवल अपनी कहानी कहने की कला के लिए, बल्कि असल जिंदगी के भाइयों समीर चित्रे और संजीव चित्रे को नकुल और सहदेव के रूप में कास्ट करने के लिए भी जाना जाता है, जो शो में अहम किरदार थे। बीआर चोपड़ा की 'महाभारत' भारतीय टेलीविजन इतिहास के सबसे बड़े शोज में से एक है। इस शो में नकुल और सहदेव सबसे छोटे पांडव भाई थे और उन्हें बहुत करीबी दिखाया गया था। कम ही लोग जानते हैं कि इन किरदारों को निभाने वाले एक्टर समीर चित्रे (नकुल) और संजीव चित्रे (सहदेव) असल जिंदगी में भी भाई हैं। पर्दे पर उनका रिश्ता पर्दे के बाहर उनके असली रिश्ते से उपजा था, जिससे उनके सीन्स और भी अधिक सच लगते थे। संजीव ने एक बार बताया कि उनकी कास्टिंग एक सिंपल, लेकिन दिलचस्प तरीके से हुई थी। 'महाभारत' के मेकर्स ने पहले नकुल के रोल के लिए समीर चित्रे से संपर्क किया और फिर उनसे पूछा कि क्या उनके छोटे भाई को भी अभिनय में रुचि होगी। परिवार से सहमति मिलने और संजीव से मिलने के बाद, उन्होंने दोनों भाइयों को नकुल और सहदेव के रोल में कास्ट करने का फैसला किया। 'महाभारत' के बाद, समीर चित्रे ने कुछ हिंदी फिल्मों में काम किया। उन्हें आमिर खान और पूजा भट्ट की हिट फिल्म दिल है कि मानता नहीं (1991) के लिए सबसे ज्यादा याद किया जाता है। वह शाहरुख खान और जूही चावला की फिल्म राजू बन गया जेंटलमैन (1992) में भी दिखाई दिए।

## बेहद फिल्मी है कांची की लव स्टोरी

**नई दिल्ली।** कांची कौल की गिनती टीवी की बेहतरीन एक्ट्रेसेस में होती है। उन्होंने अपने दमदार एक्टिंग के दम पर इंडस्ट्री में अलग जगह बनाई है। कांची तेलुगु सिनेमा की भी जानी-मानी एक्ट्रेस हैं। उन्होंने कई बेहतरनी फिल्मों में काम किया है। कांची की पहली मुलाकात साल 2007 में टीवी शो भाभी के सेट पर शब्बीर से हुई थी, लेकिन उस वक्त दोनों के बीच ज्यादा बातचीत नहीं हुई। बाद में कांची की शब्बीर से पहली मुलाकात टीवी क्वीन एकता कपूर ने करवाई थी। शुरुआत दोस्ती से हुई, लेकिन धीरे-धीरे दोनों का प्यार परवान चढ़ने लगा और उन्होंने एक-दूसरे को डेट करना शुरू कर दिया। हालांकि, उन्होंने अपने रिश्ते को काफी समय तक दुनिया की नजरों से दूर ही रखा। कांची और शब्बीर ने पांच साल तक एक-दूसरे को डेट करने के बाद शादी का फैसला लिया। उन्होंने 27 नवंबर 2011 को धूमधाम से शादी रचाई।



# जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं

**मुंबई।** फिल्म राजा शिवाजी में भाग्यश्री, रितेश देशमुख की मां यानी राजमाता जिजाबाई का किरदार निभा रही हैं। हालांकि, दोनों कलाकारों के बीच सिर्फ 10 साल का उम्र का फर्क है, जिस वजह से सोशल मीडिया पर इस कास्टिंग को लेकर काफी चर्चा हो रही है। अब भाग्यश्री ने इस पर अपना रिएक्शन दिया है। एक इंटरव्यू में भाग्यश्री ने बताया कि इस किरदार के लिए हां कहना उनके लिए बिल्कुल भी मुश्किल नहीं था। उन्होंने कहा, 'जब आपको ऐसा किरदार निभाने का मौका मिले, जिसकी कहानियां सुनते हुए आप बड़े हुए हों, तो उसे मना करने का सवाल ही नहीं उठता। और वैसे भी जिजाऊ एक युवा मां थीं।' भाग्यश्री ने आगे बताया कि फिल्म के सिनेमैटोग्राफर संतोष सिवन ने उन्हें खास कॉम्प्लिमेंट भी दिया था। उन्होंने कहा, संतोष सिवन सर ने मुझे फोन करके कहा था, सॉरी, हमें कैमरे के जरिए आपको थोड़ा ज्यादा उम्र का दिखाना पड़ा, क्योंकि आप अब भी बहुत यंग लगती हैं। मेरे लिए यह बहुत बड़ा कॉम्प्लिमेंट है। आखिर वह महान



सिनेमैटोग्राफर हैं।'एक्ट्रेस ने साफ कहा कि उनके लिए यह किरदार निभाना किसी ऐतिहासिक और महान शख्सियत को सम्मान देने जैसा है। वह उम्र के फर्क पर ध्यान देने के बजाय राजमाता जिजाबाई के किरदार को पूरी ईमानदारी से निभाना चाहती थीं। 1 मई को रिलीज हुई 'राजा शिवाजी' में शानदार स्टारकास्ट देखने को मिल रही है। फिल्म में रितेश देशमुख छत्रपति शिवाजी महाराज की भूमिका में नजर आ रहे हैं, जबकि संजय दत्त अफजल खान का किरदार निभा रहे हैं। अभिषेक बच्चन फिल्म में संभाजी शाहजी भोसले बने हैं और विद्या बालन खदीजा सुल्ताना की भूमिका निभा रही हैं। वहीं जेनेलिया डिसूजा सईबाई, भाग्यश्री जिजाबाई और फरदीन खान शाहजहां के रोल में दिखाई दे रहे हैं। फिल्म में महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, अमोल गुप्ते और बोमन ईरानी जैसे कलाकार भी अहम भूमिकाओं में हैं। खास बात यह है कि फिल्म में सलमान खान का स्पेशल अपीयरेंस भी देखने को मिलेगा।

# मीनाक्षी 30 साल बाद कर रहीं एक्टिंग में कमबैक कहा- चाहिए प्रभावशाली और चुनौतीपूर्ण रोल

**नई दिल्ली।** 80 और 90 के दशक के बीच सिनेमा की दुनिया की चहेती एक्ट्रेस मीनाक्षी शेषाद्री एक बार फिर से फिल्मों में वापसी की तैयारी कर रही हैं। घायल वन्स अगेन (2016) में निभाए छोटे से रोल को छोड़ दें तो मीनाक्षी बरसों से फिल्मों की दुनिया से दूर रह रही हैं। हालांकि, अब वो एक्टिंग में वापसी को लेकर काफी सीरियस नजर आ रही हैं। मीनाक्षी ने हाल ही में फैन्स के साथ एक भावुक संदेश शेयर किया है और बताया है कि वह फिल्मों और ओटीटी प्रोजेक्ट्स में नए अवसरों की तलाश में हैं। हिंदी सिनेमा की नामी अदाकारा मीनाक्षी शेषाद्रि अभिनय की दुनिया में एक बार फिर से कदम रखने जा रही हैं। सोमवार को उन्होंने सोशल मीडिया के जरिए न सिर्फ



अपने फैंस का शुक्रिया अदा किया, बल्कि फिल्म मेकर्स के सामने काम करने की इच्छा भी जाहिर की। उन्होंने कहा, 'आप सभी के प्यार, हौसले और लगातार मिल रहे सपोर्ट के लिए तहेदिल से धन्यवाद देती हूं। 30 साल लंबे सफर के बाद मैं अपनी कर्मभूमि मुंबई वापस आ गई हूं। एक बार फिर, पूरी उम्मीद है कि जुनून और पॉजिटिव सोच के साथ मैं मनोरंजन की दुनिया में कदम रख रही हूं।' एक्ट्रेस ने बातचीत में ये भी साफ किया कि वे अब अच्छे और अर्थपूर्ण काम के अवसरों का इंतजार कर रही हैं। किरदारों को लेकर अपनी पसंद बताते हुए उन्होंने कहा, 'चाहे लीड रोल हो या सपोर्टिंग रोल या फिर कोई छोटा सा रोल, मेरे लिए सबसे जरूरी यह है कि वह प्रभावशाली हो। फिल्में हों या ओटीटी शो, मैं ऐसे किरदार निभाना चाहती हूं जो मुझे एक कलाकार के रूप में चुनौती दें।' बता दें कि मीनाक्षी शेषाद्रि अपने पति हरीश मैसूर के साथ लंबे समय से अमेरिका के डलास (टेक्सास) में रह रही हैं। वहां उनका अपना घर भी है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अब तक मीनाक्षी अमेरिका में अपना खुद का डांस स्कूल भी चला रही थीं।

## जॉली एलएलबी 3 से कजिंस एंड कल्याणम्स तक

# इस वीक ओटीटी पर रिलीज होंगी ये फिल्में और सीरीज

*नई दिल्ली। नया वीक शुरू हो गया है। गर्मियां अपना प्रचंड रूप दिखा रही हैं। गर्मी का भयंकर रूप देख अगर कहीं बाहर घूमने का प्लान नहीं बना पा रहे और घर बैठे कुछ बढ़िया सिनेमा देखने को मन है, तो इस वीक कई अच्छे ऑप्शन हैं। इस सप्ताह ओटीटी के पिटारे में दिलचस्प फिल्में और सीरीज हैं।*

**ब्रदर्स एंड सिस्टर्स** : यह एक तमिल फैमिली ड्रामा सीरीज है। इस शो में बोस वेंकट और गायत्री शास्त्री मुख्य भूमिकाओं में हैं। यह सस्पेंस ड्रामा सीरीज है, जो मजेदार पारिवारिक पृष्ठभूमि के ईर्द-गिर्द बनी है। यह सीरीज 27 मई से जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

**जॉली एल एल बी 3** : अक्षय कुमार और अरशद वारसी अभिनीत इस कॉमेडी फिल्म की ओटीटी रिलीज का दर्शक काफी वक्त से इंतजार कर रहे हैं। यह फिल्म साल 2025 में सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। हालांकि, इसके बाद यह ओटीटी पर भी रिलीज हुई। मगर, अब नया अपडेट यह है कि इस फिल्म को एक नया ओटीटी प्लेटफॉर्म मिल गया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, दर्शक 29 मई से इस फिल्म को जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।

**कजिंस एंड कल्याणम्स** : यह एक मलयालम रोमांटिक-कॉमेडी वेब सीरीज है। इसके 50 से अधिक एपिसोड्स हैं, जो केरल में छह चचेरे भाई-बहनों की 26 साल की यात्रा और सात शादियों की कहानी पर आधारित हैं। प्रिया प्रकाश वारियर और रोशन अब्दुल राहुफ इस सीरीज में मुख्य भूमिकाओं में हैं। इनके अलावा जुनैस, नंदना वर्मा और सुबिन टार्जन भी सीरीज का हिस्सा हैं। इसे दर्शक 29 मई से जियो हॉटस्टार पर देख सकते हैं।




### स्पाइडर नोयर सीजन 1

हॉलीवुड स्टार निकोलस केज की सीरीज 'स्पाइडर नोयर' के पहले सीजन का प्रीमियर भी इस वीक होगा। आठ एपिसोड वाली मार्वल सीरीज में निकोलस केज मुख्य भूमिका में हैं, जो 1930 के दशक के न्यूयॉर्क में एक प्राइवेट डिटेक्टिव बने पुराने सुपरहीरो की कहानी है। यह एक्शन सीरीज 27 मई से प्राइम वीडियो पर स्ट्रीम होगी।

**जेटली** : तेलुगु कॉमेडी थ्रिलर फिल्म 'जेटली' 25 मई को जियो हॉटस्टार पर रिलीज हो गई है। इसकी कहानी प्रजापति (अजय) से शुरू होती है, जो एक ठग और बैंक का संस्थापक है। वह ग्राहकों के पैसे का गबन करके दुबई भाग जाता है। इसमें सत्या, रिया सिंघा, वेन्नेला किशोर और अजय ने अभिनय किया है।

**कारा** : धनुष और ममिता बैजू की अदाकारी वाली फिल्म 'कारा' 28 मई को ओटीटी पर रिलीज होने वाली है। यह तमिल फिल्म 1991 में खाड़ी युद्ध के दौरान हुए ईंधन संकट की पृष्ठभूमि पर आधारित है। कहानी करसामी (धनुष) नाम के एक सुधरे हुए चोर के इर्द-गिर्द घूमती है। उसे तब अपने आपराधिक अतीत में वापस लौटना पड़ता है, जब एक बेरहम बैंक मैनेजर और एक भ्रष्ट डीएसपी मिलकर उसके परिवार की पुश्तैनी जमीन पर जबरदस्ती कब्जा कर लेते हैं।

## खबर संक्षेप

### बन रहा सीसी रोड, नहीं हो तराई, ग्रामीणों ने मजबूती पर उठाए सवाल



**देवरी सारागांव।** देवरी रेलवे फाटक से रेलवे स्टेशन एवं शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तक रेलवे विभाग द्वारा ठेकेदार के माध्यम से सीसी रोड निर्माण कार्य कराया जा रहा है। यह सड़क निर्माण क्षेत्र के स्कूली बच्चों, रेलवे यात्रियों एवं ग्रामीणों के लिए काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि निर्माण कार्य के दौरान ठेकेदार द्वारा सीसी रोड की नियमित तराई नहीं किए जाने को लेकर ग्रामीणों ने सड़क की गुणवत्ता और मजबूती पर सवाल उठाना शुरू कर दिया है। ग्रामीणों का कहना है कि भीषण गर्मी के कारण सीमेंट कंक्रीट सड़क को पर्याप्त मात्रा में पानी की आवश्यकता होती है, ताकि सड़क मजबूत और टिकाऊ बन सके। यदि समय-समय पर तराई नहीं की गई तो सड़क में जल्द दरारें आने और गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका बनी रहेगी। ग्रामीणों ने बताया कि निर्माण स्थल पर कई दिनों से नियमित रूप से पानी का छिड़काव नहीं किया जा रहा है, जिससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। ग्रामीणों ने रेलवे विभाग एवं संबंधित ठेकेदार से मांग की है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाए तथा सीसी रोड की प्रतिदिन सही तरीके से तराई कराई जाए।

### सकारात्मक शब्दों का प्रयोग करने से जीवन में आती है सुख, शांति एवं समृद्धि



**चांपा।** डिडवानिया फाउंडेशन चांपा द्वारा एक निजी होटल में "कुबेर का खजाना" प्रेरणादायी कार्यक्रम आध्यात्मिक वक्ता श्रीमती राजेश्वरी मोदी (राज दीदी), मुंबई के सानिध्य में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चांपा, जांजगीर, रायगढ़, सक्ती, अकलतरा, बाराद्वार, बिलासपुर, रायपुर एवं आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में महिलाएं एवं परिवारजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं स्वागत नृत्य के साथ किया गया। अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में राज दीदी ने नारायण शास्त्र के अनुसार वाणी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि व्यक्ति की वाणी ही उसके जीवन में सुख एवं समृद्धि का मार्ग प्रशस्त करती है। उन्होंने कहा कि दूसरों की बुराई करने से नकारात्मक ऊर्जा उत्पन्न होती है, जिसका प्रभाव स्वयं के जीवन पर भी पड़ता है। वहीं आदरपूर्वक एवं सकारात्मक शब्दों का प्रयोग करने से जीवन में सुख, शांति एवं समृद्धि आती है। राज दीदी ने उपस्थित जनों को सकारात्मक सोच, पारिवारिक सामंजस्य, आत्मविश्वास एवं जीवन में अच्छे संस्कारों के महत्व के बारे में भी प्रेरित किया। उनके प्रेरणादायी विचारों से पूरा सभागार सकारात्मक ऊर्जा से ओतप्रोत हो गया। कार्यक्रम के द्वितीय सत्र में "वरदान रेकी" प्रशिक्षण का आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को रेकी से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां एवं जीवन उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। कार्यक्रम का आयोजन डिडवानिया फाउंडेशन द्वारा बजरंगलाल डिडवानिया के विशेष मार्गदर्शन एवं श्रीमती विद्या डिडवानिया की प्रेरणा से संपन्न हुआ।

### पीएम आवास योजना के नाम पर अनियमितता, हुई शिकायत

**सक्ती।** जनपद पंचायत सक्ती अंतर्गत ग्राम पंचायत पोरथा में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर आर्थिक अनियमितता का मामला सामने आया है। ग्रामवासियों और हितग्राहियों ने जिला पंचायत सक्ती के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को ज्ञापन सौंपते हुए सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक, मेट सहित अन्य लोगों पर गरीब हितग्राहियों की मजदूरी राशि का गबन करने का आरोप लगाया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हितग्राहियों को मनरेगा से मिलने वाली मजदूरी राशि को बिना जानकारी और सहमति के पंचायत प्रतिनिधियों और उनके करीबी लोगों के खातों में ट्रांसफर कर दिया गया। शिकायतकर्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने, राशि की वसूली कर गरीब हितग्राहियों को वापस दिलाने और कड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकर्ताओं ने आवेदन में उल्लेख किया है कि यह मामला भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय की वेबसाइट से प्राप्त दस्तावेजों और ऑनलाइन रिकॉर्ड की जांच के दौरान सामने आया। ग्रामीणों का कहना है कि जब प्रधानमंत्री आवास योजना के भुगतान और जॉब कार्ड की जानकारी निकाली गई तो कई चौंकाने वाले तथ्य सामने आए। ग्रामीणों के अनुसार पंचायत स्तर पर योजनाबद्ध तरीके से हितग्राहियों की मजदूरी राशि दूसरे खातों में डालकर आर्थिक लाभ लिया गया। आवेदन में कई जॉब कार्ड नंबरों और खातों का उल्लेख करते हुए कहा गया है कि यदि निष्पक्ष जांच हो तो करोड़ों नहीं तो लाखों रुपये के फर्जीवाड़े का खुलासा हो सकता है। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि इन लोगों ने आपसी सांठगांठ कर गरीब हितग्राहियों की मजदूरी राशि अपने रिश्तेदारों और परिचितों के खातों में ट्रांसफर कराई। इस संबंध में जनपद सीईओ निखिल कश्यप का कहना है कि प्रधानमंत्री आवास योजना में गड़बड़ी के मामले की जानकारी ली जाएगी। तत्पश्चात आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### पांच दिवसीय प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का हुआ आयोजन

# गुरुशिष्य परम्परा की मिसाल है संगीत: राजेश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवरीनारायण

शबरी की नगरी शिवरीनारायण में संस्कार भारती छत्तीसगढ़ प्रान्त के निर्देशन एवं जिला इकाई सक्ती के संयोजन में आयोजित पांच दिवसीय प्रान्त स्तरीय शास्त्रीय संगीत कार्यशाला का वैदिक स्वस्ति वाचन के साथ समापन हुआ।

सरस्वती शिशु मंदिर परिसर में आयोजित इस संगीत यज्ञ से नगर का सांस्कृतिक वातावरण सुर, ताल और लय से आलोकित हो उठा। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में अनंत विभूषित डॉ. राजेश्री रामसुंदर दास महामंडलेश्वर शिवरीनारायण मठ व दूधाधारी मठ रायपुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्कार भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष डॉ. योगेंद्र चौबे ने की। मंच पर विशिष्ट अतिथि के रूप में किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह, उपाध्यक्ष देवप्रसाद तिवारी, विश्व हिन्दू परिषद के प्रदेश संयोजक योगेश शर्मा, भाजपा के प्रदेश संयोजक सुब्रतो दास गुप्ता, प्रदेश महामंत्री हेमंत माहुलीकर, प्रांतीय कोषाध्यक्ष जागेश्वर मानसर, प्रांतीय सदस्य तुलेश्वर देवांगन, भागवताचार्य पं. ओमप्रकाश शर्मा, वंदे मातरम स्कूल नवागढ़ के संचालक धनेश मिश्रा, प्राचार्य बसंत देवांगन, मुख्य पुजारी पं. चंद्रमोहन शर्मा सहित नगर के गणमान्य पवन सुल्तानिया, राजेश अग्रवाल एवं मुख्तियार सुखराम दास महाराज उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि राजेश्री महंत ने अपने आशीर्वचन में कहा कि संगीत नादब्रह्म की उपासना है और संस्कार भारती का यह आयोजन माता शबरी की इस तपोभूमि को संगीत की साधना-स्थली बनाने का पुनीत प्रयास है। अध्यक्षीय उद्बोधन में डॉ. योगेंद्र चौबे ने इसे गुरुकुल परंपरा के पुनर्जागरण का सफल यज्ञ बताया। किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ने कहा कि जैसे किसान के हल से धरती में अन्न उपजता है, वैसे ही कलाकार के रियाज से समाज में संस्कार उपजते हैं। पं. योगेश शर्मा ने शास्त्र वचन 'साहित्य-संगीत-कला-विहीनः' का उल्लेख करते हुए संस्कार भारती को मनुष्यता के संस्कार जगाने वाला संगठन कहा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां वीणावादिनी के तैलचित्र पर पूजार्चना कर किया गया। मंत्रोच्चार पं. प्रवीण तिवारी द्वारा किया गया। सांस्कृतिक संध्या में सर्वप्रथम कथक प्रशिक्षार्थियों ने घुंघरुओं की मधुर झंकार संग सामूहिक नृत्य प्रस्तुत कर रायगढ़ घराने की परंपरा को जीवंत कर दिया। विद्यार्थियों ने तराना, राम स्तुति की मधुर प्रस्तुति की। बाल कलाकार मास्टर पीयूष कश्यप ने सरस्वती वंदना की मधुर प्रस्तुति दी। कु. सोमा बरेठ ने कला पक्ष एवं भावपक्ष का सुंदर समागम प्रस्तुत किया। इसके पश्चात 35 तबला प्रशिक्षार्थियों ने तीनताल में एक साथ सोलो वादन कर संगत और साधना का अनुपम दृश्य उपस्थित किया, जिस पर सभागार करतल ध्वनि से गूंज उठा। प्रशिक्षक दीपक दास महंत ने तान तीनताल की घराने दार प्रस्तुतियों से समा बांध दी। समापन की विशेष प्रस्तुति में ग्वालियर घराने के मूर्धन्य गायक डॉ. यश देवले ने राग यमन में बड़ा ख्याल दर्शन देव शंकर एवं राग खमाज में ठुमरी गाकर श्रोताओं को भाव-विभोर कर दिया। इस आवासीय कार्यशाला से प्रदेश भर के 107 से विद-विशारद योग्यताधारी संगीत साधक लाभान्वित हुए। सभी प्रशिक्षकों एवं अतिथियों का श्रीफल, पुष्पमाला व शॉल से अभिनंदन किया गया तथा प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम का संचालन पं. शरद पांडेय ने एवं आभार प्रदर्शन जिला महामंत्री मनोज तिवारी ने किया। इस अवसर पर के ऑर कश्यप जिलाध्यक्ष, मनोज तिवारी महामंत्री, ऑर के सोनवानी कार्यकारी अध्यक्ष ,जयंत कश्यप सह महामंत्री , एन ऑयर भारद्वाज उपाध्यक्ष, रेशमलाल कश्यप मंत्री, के एल यादव उपस्थित रहे।



प्रशिक्षार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान करते राजेश्री महंत रामसुंदर दास।



# 101 वोट हासिल कर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बने श्यामलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

अधिवक्ता संघ सक्ती के चुनाव में आखिरकार अध्यक्ष पद का परिणाम घोषित हो गया, जिसमें श्यामलाल साहू ने शानदार जीत दर्ज करते हुए अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया। पूरे चुनाव के दौरान मुकाबला काफी रोमांचक बना रहा, लेकिन अंतिम मतगणना में श्यामलाल साहू ने बढ़त कायम रखते हुए जीत अपने नाम कर ली।

■ चुनाव के दौरान काफी रोचक रहा मुकाबला, मतगणना के दौरान हर राउण्ड पर टिकी रही निगाहें

अंतिम परिणाम के अनुसार श्यामलाल साहू को 101 वोट प्राप्त हुए, जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी दिगंबर प्रसाद चौबे को 91 मत मिले। चुनाव परिणाम घोषित होते ही समर्थकों में उत्साह की लहर दौड़ गई और अधिवक्ता संघ परिसर में बधाइयों का दौर शुरू हो गया। मतगणना के दौरान हर राउंड में समर्थकों की निगाहें परिणाम पर टिकी रहीं। जैसे ही अंतिम आंकड़े सामने आए, श्यामलाल साहू के समर्थकों ने मिठाई खिलाकर और एक-दूसरे को बधाई देकर खुशी जाहिर की। नवनिर्वाचित अध्यक्ष श्यामलाल साहू ने अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे अधिवक्ता हित, सम्मान और संघ की एकता को सर्वोच्च प्राथमिकता देंगे। उन्होंने सभी अधिवक्ताओं को साथ लेकर संघ को नई दिशा देने की बात कही। अधिवक्ता संघ के चुनाव परिणाम को लेकर पूरे दिन परिसर में गहमागहमी का माहौल बना रहा और अंततः श्यामलाल साहू के सिर अध्यक्ष पद का ताज सज गया।

## आईपीएल सट्टेबाजी मामले में युवक गिरफ्तार, 42 हजार रुपए जब्त



**चांपा।** आईपीएल में सट्आ लगाते चांपा पुलिस एवं साइबर टीम ने कार्यवाही करते हुए में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी के कब्जे से मोबाइल फोन सहित 46 हजार 270 रुपये नगद जब्त किए गए हैं। पुलिस के अनुसार 24 मई की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि चांपा के मंझली तालाब क्षेत्र में एक युवक आईपीएल मैच कोलकाता नाइट राइडर्स और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले जा रहे मुकाबले में हार-जीत पर ऑनलाइन सट्टा संचालित कर रहा है। सूचना मिलते ही थाना चांपा पुलिस एवं साइबर थाना की टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की और संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम संदीप यादव उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 26, मंझली तालाब के पास, थाना चांपा जिला जांजगीर-चांपा बताया। मोबाइल जांच के दौरान आईपीएल मैच में ऑनलाइन सट्टा लगाए जाने के प्रमाण मिलने पर आरोपी को गिरफ्तार किया गया तथा न्यायालय में पेश कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# झीरम घाटी के शहीदों को नगर कांग्रेस ने किया याद

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

झीरम घाटी नक्सली हमले की बरसी पर सोमवार 25 मई को सक्ती के पुरानी हटरी के पास बिसाहू दास महंत उद्यान परिषद में नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर के नेतृत्व में एक विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने झीरम घाटी में शहीद हुए वरिष्ठ कांग्रेस नेताओं और सुरक्षा बलों के जवानों को याद करते हुए उन्हें अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

■ बिसाहूदास महंत उद्यान में विशेष श्रद्धांजलि सभा का किया आयोजन

कार्यक्रम के दौरान नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर के नेतृत्व में शहीदों की तस्वीरें के समक्ष दीप प्रज्वलित कर और पुष्प अर्पित कर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को नमन किया गया। शहीदों का बलिदान हमेशा रहेगा अमरः राकेश राठौर इस अवसर पर नगर कांग्रेस अध्यक्ष राकेश राठौर ने कहा कि झीरम घाटी का हमला छत्तीसगढ़ के इतिहास का सबसे काला अध्याय है। इसमें हमने अपने शीर्ष नेतृत्व और कर्मठ नेताओं को खो दिया था। उनका यह बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा और उनकी यादें हमेशा हमारे दिलों में जिंदा रहेंगी। वरिष्ठ नेताओं की गरिमामयी उपस्थितिइस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में नरेशगेवाडिन, संतोष सोनी (लाला ), प्यारेलाल पटेल अधिवक्ता, घनश्याम देवांगन, गीता देवांगन, चंद्र कुमार सोनी सरपंच, कालू रघुनाथ अग्रवाल, देवेंद्र राठौर पूर्व पार्षद, विजय बहादुर, साजिद खान, राशिद खान, देवानंद जी,सक्ती नगर के प्रमुख कांग्रेस पदाधिकारी, परमानंद पटेल, कालू अग्रवाल पार्षदगण और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। सभी ने दो मिनट का मौन धारण कर शहीदों की आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की और संकल्प लिया कि वे शहीदों के दिखाए जनसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ते रहेंगे।



पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धा सुमन अर्पित करते कांग्रेसजन।

## झीरमघाटी हमले के शहीद नेताओं के बताए मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

**राहौद।** झीरमघाटी में शहीद हुए कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ताओं को श्रद्धांजलि अर्पित करने हेतु ब्लॉक कांग्रेस कमेटी पामगढ़ द्वारा देवांगन समाज धर्मशाला, राहौद में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेसजन, सामाजिक कार्यकर्ता एवं आम नागरिक उपस्थित होकर शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित किए। सभा में उपस्थित वक्ताओं ने झीरमघाटी की दुखद घटना को याद करते हुए शहीद नेताओं के योगदान को स्मरण किया तथा उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। इस दौरान दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की गई।कार्यक्रम में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने कहा कि शहीद नेताओं का त्याग और संघर्ष सदैव प्रेरणा देता रहेगा। श्रद्धांजलि सभा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।



# कोसला धाम में सप्त पुराण की कथा श्रवण करने उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

कोसला धाम में 22 मई से 29 मई तक गायत्री महायज्ञ एवं सप्त पुराण यज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। श्री धाम वृंदावन से आए हुए विष्णुकांत महाराज भक्तों को सप्त पुराण की कथा सुना रहे हैं।

कथा ब्यास विष्णुकांत महाराज प्रथम दिवस से ही उपस्थित श्रद्धालुओं को लगातार श्रीमद्भागवत कथा, श्रीमद् देवी भागवत कथा, श्री शिवपुराण कथा, श्री राम कथा, श्री हरवंश महापुराण कथा, श्री भक्तमाल की कथा, श्री विष्णु पुराण की कथा सुना रहे है। कथा के अंतिम दिन 29 मई को हवन पूर्णाहुति एवं दिव्य भंडारा का आयोजन किया जाएगा। शनिदेव मंदिर के समीप भव्य पंडाल लगाया गया है। गायत्री महायज्ञ के लिए घासफूस वाली यज्ञ कुटीर तैयार की गई है, जिसमें प्रत्येक दिन प्रातः 8 बजे से यजमान जन यज्ञ कर रहे हैं। चौथे दिन श्रीराम कथा में व्यास पीठ से विष्णुकांत ने माता कौशल्या जन्मभूमि 'कोसला धाम' पर संक्षिप्त उद्बोधन में बताया कि 'अनेकों पुराणों एवं शास्त्रों में एवं रामायण में भी बतलाया गया है कि माता कौशल्या की जन्मभूमि कोसला ही है। दक्षिण कोसल के राजा भानुमंत की राजधानी कोसला हुआ करती थी और यहां उनका महल भी था, भानुमंत की पुत्री का नाम भानुमती था, कोसला से होने के कारण कौशल्या कहा गया। कोसला धाम वासियों द्वारा महराज को माता कौशल्या का चित्र भेंट किया गया। कथा में प्रत्येक दिन पूरे क्षेत्र से हजारों की संख्या में भक्त पहुंच रहे हैं। आयोजन कर्ताओं द्वारा सभी के लिए प्रसाद की व्यवस्था की गई है।

■ कोसला धाम के शनि देव मंदिर परिसर में गायत्री महायज्ञ का किया जा रहा आयोजन



उपस्थित श्रद्धालुओं को कथा सुनाते पंडित विष्णुकांत महाराज।

# लगातार बढ़ रही महंगाई के विरोध में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**चांपा।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी द्वारा देश में लगातार बढ़ रही महंगाई, पेट्रोल-डीजल, रसोई गैस एवं आवश्यक खाद्यान्न वस्तुओं के बढ़ते दामों के विरोध में प्रदर्शन किया गया। इसके पश्चात राष्ट्रपति व राज्यपाल के नाम एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया।

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी जिला परिषद् छत्तीसगढ़ के जिला सचिव कामरेड़ मुकेश वोहरा ने कहा कि आम जनता और मेहनतकश वर्ग बढ़ती महंगाई से परेशान है। आये दिन उच्च परीक्षाओं के पेपर लीक होने से छात्रों और युवाओं के भविष्य बर्बाद हो रहा हैं। सरकार प्रतिदिन डीजल-पेट्रोल के रेट बढ़ा रही है। व्यवसायिक सिलेन्डर के दाम बढ़ने से आम जनता पर मंहगाई की मार पड़ रही है। लोगों को सामानो को मंहगे दामों पर खरीदारी करना पड़ रहा हैं, जिससे जनता को मंहगाई की मार का सामना करना पड़ रहा हैं। सिलेन्डर की खरीदी-बिक्री में कालाबाजारी हो रही हैं इससे जनता में सरकार के प्रति आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की उदासीनता से चिकित्सा के क्षेत्र में नीजी अस्पतालों में मनमानी और दवा कंपनियों के मनमाने बढ़ते दामों से आम जनता काफी परेशान है। जनता को स्मार्ट कार्ड और आयुष्मान कार्ड का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। किसानों को ट्रेक्टर के लिए डीजल की कमी बनी हुई है। खाद नहीं मिलने से किसान महंगे दाम में खरीदने मजबूर है।



राष्ट्रपति एवं राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपते भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के पदाधिकारी।

## समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने प्रकरणों का निराकरण करने दिए निर्देश

# अवैध रूप से खाद विक्रय एवं भण्डारण पर करें सख्त कार्रवाई : तोपनो

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

कलेक्ट्रेट कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने विभिन्न विभागों के कार्यों एवं विभागीय योजनाओं के प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। कलेक्टर ने बैठक में विभिन्न विभागों की प्रगति की समीक्षा करते हुए योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन एवं लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में कलेक्टर ने सुशासन तिहार अंतर्गत विभिन्न विभागों में प्राप्त आवेदनों का विभागवार समीक्षा किया। कलेक्टर ने कहा कि सुशासन तिहार अन्तर्गत जिले के विभिन्न चिन्हांकित स्थलों पर आयोजित होने वाले शिविरों में प्राप्त आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित किया जाए। कलेक्टर ने शिविर में प्राप्त आवेदनों का गंभीरता से मौके पर ही परीक्षण कर पात्र हितग्राहियों को शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का त्वरित लाभ उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने तेज गर्मी एवं बढ़ते तापमान को ध्यान में रखते हुए विद्युत विभाग के अधिकारियों कर्मचारियों को विद्युत व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं ताकि विद्युत आपूर्ति बाधित न हो। समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने जिले में खाद भण्डारण एवं वितरण की स्थिति की जानकारी ली। कृषि विभाग के अधिकारी ने बताया कि जिले की सहकारी समितियों में खाद का भण्डारण किया गया है, जिसे किसानों को वितरण किया जा रहा है। कलेक्टर ने अवैध रूप से खाद विक्रय एवं भण्डारण करने वाले दुकानदारों के विरूद्ध सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागवार समीक्षा के दौरान लंबित मामलों पर सभी विभागों को समय-सीमा में प्राथमिकता के आधार पर प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर द्वारा जनगणना के कार्य, लोक सेवा गारंटी, लंबित पेंशन प्रकरणों, पीएम सुर्यघर मुफ्त बिजली योजना सहित अन्य विभागीय कार्यों की भी समीक्षा की गई। कलेक्टर ने तहसीलवार विवादित नामांतरण, खाता विभाजन, सीमांकन, व्यपवर्तन, नक्शा बटांकन, त्रुटि सुधार, आधार प्रविष्टि सहित अन्य राजस्व प्रकरणों की जानकारी लेते हुए आवश्यक निर्देश दिए।



बैठक में उपस्थित अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

